हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024

04 श्रीराम लीला मेला में धूमधाम से मना भगवान श्रीराम का...



07 अयोध्या में राम जी की स्थापना के पूर्व हमें नगर...





## विदिशा मंडी में आज से होगी खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ट्रक ड्रायवरों की हड़ताल समाप्त होने के बाद अब आज गुरुवार से कृषि उपज मंडी में खरीदी शुरु होगी। अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि गल्ला मंडी में सुबह से नीलामी कार्य पुनः चालू होगा। अपनी उपज बेचने के लिए किसान मंडी आ सकते हैं। मंडी सचिव कमल बगवैया के अनुसार ने भी प्रेस नोट जारी कर मंडी में अपनी बेचने के लिए किसानों से मंडी पहुंचने की सूचना जारी की है।

# कड़ाके की ठंड, हल्की बारिश के साथ घना कोहरा अभी दो दिनों तक छाया रहेगा





**विदिशा।** मौसम विभाग के मुताबिक विदिशा सहित आसपास के जिलों में आगामी दो दिनों तक मामूली बारिश की संभावना रहेगी। इस दौरान घना कोहरा और कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहेगा। कोहरे में दृश्यता कम रहेगी खासकर सुबह कोहरा छाया रहेगा। तापमान 14 .5 से 25 डिग्री तक रहेगा।

## खबर संक्षेप

### लटेरी, सिरोंज व कुरवाई में दर्ज हुई बारिश

**विदिशा।** 2 जनवरी से लेकर 3 जनवरी की सुबह तक जिले की लटेरी, कुरवाई सहित सिरोंज तहसील में बारिश हुई। लटेरी में 14.2 एमएम एवं सिरोंज में 4 और कुरवाई में 5.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। शमशाबाद के हिनोतिया माली के आसपास भी बारिश की जानकारी है।

### लायंस क्लब के सदस्यों को दिलाई शपथ

**विदिशा।** लायंस क्लब दो नए सदस्य आरपी गोयल व शंकर लाल कुरेले को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जेपीएस जौहर ने शपथ ग्रहण कराई गई। रेखा गुप्ता को एमजेएफ बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीड़ित मानवता की सेवा में संलग्न सी एल गोयल, श्यामबिहारी भार्गव, सुरेश उपाध्याय, अशोक कोठारी, राजकुमार गुप्ता, मोहित रघुवंशी, समीर शाह, डॉक्टर स्वप्निल सागर जैन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण वशिष्ठ, पूर्व विधायक लायन शशांक भार्गव, अतुल शाह आदि उपस्थित रहे।

### 310 मरीजों की आंखों का हुआ ऑपरेशन

**विदिशा।** लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु द्वारा सद्गुरु सेवा ट्रस्ट एवं जिला अंधत्व निवारण समिति के द्वारा 310 मरीजों का ऑपरेशन हुआ। वापसी पर सभी मरीजों को एक-एक कंबल और ऊनी टोपा दिया गया। रवि उपाध्याय के अनुसार लायंस क्लब आनंदपुर ने पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रतनशी शाह की स्मृति में परिणय गार्डन में नेत्र शिविर में 525 मरीजों की आंखों की जांच कर 310 को ऑपरेशन हेतु आनंदपुर भेजा गया था। रवि उपाध्याय ने 10 परिवारों को राशन कंबल प्रदान किया गया।

### गवर्नर की मौजूदगी में हितग्राहियों ने जीवन में आए परिवर्तन बयां किए

# पीएम मोदी जी ने सभी की दिक्कतों को दूर करने का जिम्मा उठाया है: राज्यपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विदिशा जिला मुख्यालय के निकट स्थित ग्राम बागरी की सहरिया आदिवासी बहुल आजादनगर बस्ति पहुंचकर संकल्प यात्रा में शामिल हुए। राज्यपाल ने संकल्प यात्रा के संकल्प का वाचन किया जिसे सभी ने दोहराया। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं से सहरिया, आदिवासी सहित आजादनगर के हितग्राहियों को मौके पर ही हितलाभ का वितरण किया।

**2025 तक टीबी और 2047 तक करेंगे सिकल जैसी अनुवंशिक बीमारियों को जड़ से समाप्त**


**बोलने से झिझकने वाली महिलाएं समूहों से जुड़कर कर रहीं हैं आर्थिक प्रगति और पति की मदद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सारे परिवारों की दिक्कतें दूर करने का जो जिम्मा उठाया है वह सबका साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास को चरितार्थ कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्धेश्य पात्रताधारी वंचित ना रहें। उक्त आश्य के विचार राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को विदिशा जिले के ग्राम बागरी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने पहले गरीबों के बैंक खाते खुलवाकर उनके खातों में ही सीधे योजना, कार्यक्रमों की राशि जमा करने की पहल की है। अब उन्होंने कोई भी पात्रताधारी वंचित ना रहे की मुहिम छेड़ी है। राज्यपाल श्री पटेल ने महिला स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों के आत्मबल को रेखांकित करते हुए कहा कि समूह की महिला बहनों में हिम्मत आई है और बोलने से अब झिझकती नहीं हैं। आर्थिक प्रगति के द्वारा भी समूहों की महिलाओं के खुले हैं। अनेक समूह की महिला बहनें अब अपने पतियों को भी राशि दे रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक समूह की बहन ने तो अपने पति के लिए ट्रेक्टर तक दिलाया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने समाज के अंतिम व्यक्ति की जिदंगी को संवारने का जो कदम उठाया है उन तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। विधायक मुकेश टण्डन ने कहा कि प्रगति के सोपानों की ओर विदिशा जिला अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष गीता रघुवंशी, राकेश शर्मा, कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, एसपी दीपक शुक्ला, जिपं सीईओ योगेश भरसट मौजूद रहे।



**विदिशा।** बागरी गांव की आजादनगर बस्ती में हितग्राहियों को हितलाभ देते हुए राज्यपाल मंगूभाई पटेल।



**विदिशा।** राज्यपाल से चर्चा करते हुए सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा।

## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को रोकने मेमू के यात्री ट्रेक पर आ गए ड्रायवर ने लगाए इमरजेंसी ब्रेक

### ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

**विदिशा।** विदिशा और गंजबासौदा के बीच बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे बीना की तरफ जा रही जोधपुर एक्सप्रेस के ड्रायवर को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। इमरजेंसी ब्रेक लगाने का यह मामला सुमेर और सौराई के बीच का बताया जा रहा है। विदिशा से बीना की तरफ जा रही मेमू ट्रेन का इंजन सुमेर एवं सौराई के बीच खराब हो गया था। काफी देर तक इंजन ठीक नहीं होने से मेमू ट्रेन के यात्री निराश हो गये और फिर विदिशा से बीना की तरफ जा रही जोधपुर एक्सप्रेस को रोकने के लिए मूर्खतापूर्ण तरीके से ट्रेक पर आकर खड़े हो गये। मोबाइल की फ्लैश लाइट की बड़ी संख्या देख जोधपुर ट्रेन के ड्रायवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिये। इससे जोधपुर एक्सप्रेस में सवार यात्री घबरा उठे। हालांकि कोई हादसा नहीं हुआ। लेकिन इमरजेंसी ब्रेक नहीं लगते तो हो सकता कोई बड़ी घटना हो जाती। इसके बाद मेमू को गुलाबगंज स्टेशन तक लाया गया।

## अभिभाषक संघ के नववर्ष मिलन में शामिल हुए प्रधान न्यायाधीश

### अभिभाषक संघ कार्यालय में हुआ कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला अभिभाषक संघ विदिशा में 2 जनवरी मंगलवार को नव वर्ष के मिलन समारोह आयोजित हुआ। नये वर्ष के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में अधिवक्तागण एवं न्यायाधीश शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश महोदय जाकर हुसैन सहित जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण शामिल रहे। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष मेघराज राय, सचिव रमाकांत शर्मा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। अधिवक्ता देवेंद्र श्रीवास्तव, प्रभुदयाल यादव, केजी माहेश्वरी, चक्रवर्ती जैन, अतुल वर्मा सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## पेयजल संकट से जूझने वाले वार्डों के घरों तक पहुंचेगी पाइप लाइन



**विदिशा।** बेतवा के कालीदास बांध स्थित 27 एमएलडी की क्षमता का फिल्टर प्लांट, यहीं पर नया फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा नगर के सीमावर्ती जैसे पूरनपुरा, अहमदपुर और सागर रोड की कॉलोनियों के रहवासियों के लिए सुखद खबर यह है की शीघ्र ही उनके घरों तक नपा की पेयजल लाइन का कनेक्शन पहुंच जाएगा।

करीब ढाई लाख की आबादी को पानी मुहैया कराने के लिए नगरपालिका 75 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। हलाली बांध से विदिशा तक करीब 35 किलोमीटर की पाइपलाइन का टेंडर हो चुका है। 600 एमएम साइज के पाइप डालकर यह लाइन बांध से विदिशा तक लाई जाएगी। इसके लिये हलाली पर नया इंटेकवेल बनाया जाएगा। शहर में 6 टंकियों का निर्माण किया जाएगा। कालीदास बांध के पास एक नया फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। यह नई टंकियां अहमदपुर रोड स्थित अटल उद्यान, मिर्जापुर मंडी, मुखर्जीनगर, बैसनगर सहित रानी दुर्गावति उद्यान के पास बनाई जाएंगी। अटल उद्यान वाली टंकी से पूरनपुरा क्षेत्र की कॉलोनियों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा टीलाखेड़ी के बचे घरों तक पेयजल लाइन बिछाई जाएगी। नगरपालिका एक टंकी के निर्माण पर करीब 1 करोड़ रुपये खर्च करेगी। 10 लाख लीटर की क्षमता वाली 6 टंकियों से नगर में करीब 50 किलोमीटर लंबी जल वितरण लाइन बिछाई जाएगी।

नपा में सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा के अनुसार नगरपालिका के जल संयंत्र की 27 एमएलडी पानी की क्षमता है। परियोजना-2 के तहत नया फिल्टर प्लांट की क्षमता 20 एमएलडी का होगी। इससे 47 एमएलडी की क्षमता हो जाएगी और आगामी 25 से 30 वर्षों के लिए यह क्षमता पर्याप्त होगी।

सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा बताते हैं कि शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है। शहरीकरण होने से नपा पर पेयजल सप्लाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। हलाली योजना से शहर को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

## नपाध्यक्ष ने किया गौशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



स्व. जगदीश अग्रवाल जी की स्मृति में रामलीला रोड पर अपोलो हास्पिटल के पास स्थित श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल गौशाला का नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। गौशाला संचालक अल्केश अग्रवाल ने अपने पिताजी की स्मृति में यह गौशाला का शुभारंभ किया है। इस दौरान प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि इस गौशाला के पुनीत कार्य को करने का बीड़ा अल्केश अग्रवाल एवं उनके परिवार जनों ने उठाया है। उन्होने कहा ऐसे कार्य ही समाज सेवा के सही कार्य हैं। इससे गौमाता की देखभाल एवं उसके रहने की व्यवस्था इस गौशाला में रहेगी। इस दौरान समाजसेवी घनश्याम बंसल, अशोक गोयल, राकेश सोनकर, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल सहित एवं स्व. जगदीश अग्रवाल के सभी परिवारजन उपस्थित रहे।

### पिटाई करने से रोका तो पुलिस पर ही किया पथराव

**विदिशा।** रायपुरा स्कूल के पास बच्ची को बेल्ट से पीट रहे कुछ लोगों को पुलिस ने रोका तो वह डायल 100 वाहन को पत्थर मारकर भाग गए। कोतवाली थाने से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक रूपसिंह कुशवाह डायल 100 का दल वाहन से सूचना पर जा रहा था। रास्ते में रायपुरा स्कूल के पास 5 लोग एक बच्ची को पीट रहे थे। समझाने पर वह जब नहीं माने तो पुलिस ने वीडियो रिकार्डिंग करना शुरू किया तो पांचों बदमाश डायल वाहन पर पत्थर मारकर भाग गए।

### श्रीराम जन्मभूमि में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा, अक्षत अभियान 15 तक

# घर-घर संपर्क कर बांट रहे अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को होगा। इसी उत्साह में देशभर के गांव-गांव में और मंदिरों में आयोजनों की तैयारी चल रही है। वहीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा श्रीराम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए घरों तक पहुंचकर संपर्क कर अक्षत बांटे जा रहे हैं। आरएसएस के अभियान के तहत 1 जनवरी से 15 जनवरी गृह संपर्क एवं अक्षत वितरण (निमंत्रण) दिये जा रहे हैं। पूजित अक्षत, पत्रक एवं श्रीराम मंदिर का चित्र यह तीन वस्तु लेकर प्रत्येक हिन्दु घर में संपर्क किया जा रहा है। यह कार्य 1 जनवरी से 15 जनवरी तक संपन्न होगा। भगवान श्रीराम के अयोध्या में भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रण के लिए अक्षत वितरण कार्यक्रम बुधवार को शेरपुरा एसएटीआईआई रोड से शुरू हुआ। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा नगर की 20 बस्तियों में अक्षत वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही शेरपुरा में सभी मंदिरों पर 22 जनवरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण अक्षत दिए गए। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यकारिणी के सदस्य प्रेमसिंह धाकड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।



**विदिशा।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए अक्षत बांटते हुए स्वयंसेवक।

## आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### परिचय सम्मेलन में शामिल होने की अपील

**गंजबासौदा।** नगर साहू समाज समिति अध्यक्ष द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मध्यप्रदेश साहू समाज के तत्वाधान में सोलहवा अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन एवं उड़ान पत्रिका का सोलहवां प्रकाशन करेली नरसिंहपुर में 7 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### अघोषित बिजली कटौती से रोष

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर में बगैर सूचना के प्रतिदिन अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिससे नगरवासियों को सर्दी के मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी सुबह से लेकर शाम तक कई बार विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अघोषित बिजली की कटौती की गई। वहीं त्योंदा रोड, पचमा बायपास सहित नगर के अनेक वार्डों में दिन में कई बार बिजली काटी गई। जिससे लोगों को बिजली के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ा। पचमा बायपास क्षेत्र के रहवासी राम, हरिओम, अजय सरकार, सरदार, राजीव, माधव ने बताया कि प्रतिदिन सुबह से बिजली काट दी जाती है जिससे सर्दी के मौसम में घरों में गर्म पानी नहीं हो पाता, लोगों के घरों में लगे रुम हीटर सहित अन्य उपकरण नहीं चल पाते हैं जिससे सर्दी में बुजुर्ग, बच्चों तथा मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित बिजली की कटौती बंद करने की मांग की है।

### गौसेवा बनी मुसीबत



**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर के अंबेडकर चौक, नेहरु चौक सहित अन्य चौराहों पर गौसेवकों द्वारा हरा चारा गौवंश के लिए डाल दिया जाता है। जिससे वाहन चालक और पैदल राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## बारिश के बाद छाया रहा घना कोहरा ....



**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में तेज सर्दी एवं घना कोहरा छा रहा है। बुधवार को तो सुबह अचानक बारिश शुरू हो गई और उसके बाद इलाके भर में दिन भर धुंध छाई रही। जिससे वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ रह है। बुधवार को दोपहर 1.20 बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन पर छायाचित्र लिया गया।

### अयोध्या से आई जनक दुलारी आदर्श रामलीला मंडल कर रही रामलीला

# श्रीराम लीला मेला में धूमधाम से मना भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के बरेठ रोड नवीन बस स्टेण्ड स्थित श्रीराम लीला ग्राउण्ड में संचालित श्रीरामलीला मेले में प्रतिदिन चल रही रामलीला महोत्सव के तहत बुधवार को भगवान राम के जन्मोत्सव प्रसंग का मंचन किया गया। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी की स्वर लहरियों के साथ मंच पर अयोध्या में राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रामलीला देख रहे दर्शकों ने भी एक-दूसरे को श्रीराम जन्मोत्सव की बधाइयां दीं।





भगवान राम के जन्म स्थल अयोध्या से आई रामलीला मंडली द्वारा आयोजित रामलीला में कलाकारों द्वारा भगवान राम के जन्म प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने राम जन्म प्रसंग का ऐसा मंचन किया, जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इसके बाद कलाकारों ने भगवान शिव का माता कौशल्या के साथ संवाद और गुरु वशिष्ठ द्वारा चारों भाइयों के नामकरण करने की कथा का मनोहारी मंचन किया। विश्वामित्र द्वारा भगवान राम और लक्ष्मण को शिक्षा दीक्षा के लिए ले जाने की कथा का भी मनोहारी मंचन किया। रामलीला मंडली के संचालक संजीवनी मिश्रा ने बताया कि इससे पूर्व महाराजा दशरथ को पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया। वरदान अनुसार दशरथ की तीनों रानियां कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा ने बच्चों को जन्म दिया। चारों भाइयों के जन्म पर अयोध्या में मंगल गीत गाए गए। गुरु वशिष्ठ ने चारों भाइयों का नामकरण किया। इसमें सबसे बड़े का राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन नाम दिया। इसी के साथ अयोध्या में दीप जलाकर उत्सव मनाया गया। मौसम खराब होने और कोहरे के बाद भी बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला देखने पहुंचे। रोजाना दर्शकों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि खराब मौसम के बाद भी श्रीराम लीला मेले में इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग अपने परिजनों के साथ पहुंच रहे हैं और मेले में लगी दुकानों पर खरीददारी कर रहे हैं। मेले आए विशाल झूलों, मनोरंजन एवं खाद्य सामग्री का लुफ्त उठा रहे हैं।

## राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैयद शफाकत हुसैन कादरी राष्ट्रीय सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ, पर्यावरण एवं सेवा कार्य प्रकोष्ठ द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की गई है कि भारत वर्ष में राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने, सनातन धर्म को अपना स्वाभिमान मानने वाले एवं सनातन धर्म को जीवन पद्धति मे अपनाने वाले भारतवासियों लिए एक ऐतिहासिक अवसर आया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में हमारे आराध्य देव भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। चूंकि श्री राम हम सबके है और हम सब श्री राम के है, श्री राम मंदिर केवल मंदिर नही बल्कि राष्ट्र मंदिर भी है। उक्त दिवस को पूरे भारत वर्ष में पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। उक्त पर्व को हमारे देश के सभी जाति वर्ग पंथ और धर्म के अधिकारी कर्मचारी भी मना सके एवं उसमें अपनी सहभागिता कर सके देश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी अभिलाषा है। अतः 22 जनवरी को देश के सभी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

## चलित गौ-नंदी समिति ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को आत्मनिर्भर चलित गौ-नंदी सेवा द्वारा एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि अत्यधिक सर्दी के समय में बेसहारा गोवंश की प्रतिदिन मौत हो रही है। उनके लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था कराकर जगह-जगह भूसा डालने का प्रबंध किया जाए। यदि प्रशासन के पास पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध न हो तो शहर के गौ सेवकों द्वारा जनसहयोग से एकत्रित रखे हुए भूसे का उपयोग बेसहारा गौवंश को खिलाने के लिए कर सकते हैं। परिवहन की सुविधा नगर पालिका द्वारा कराई जावे, जिससे प्रत्येक स्थान पर बेसहारा गौवंश के लिए खाने के लिए भूसा उपलब्ध हो सके और सबसे व्यस्ततम मार्ग बरेठ रोड पर बेसहारा गौवंश की संख्या सर्वाधिक है। इसलिए सब्जी मार्केट जो बस स्टैंड मार्ग पर स्थित है, उसे वहां से हटाकर निहित निर्धारित स्थान पर पशु औषधालय के सामने स्थापित किया जाए। जिससे मेला की वजह से लगातार जाम की समस्या भी हल हो जाएगी और जो दुर्घटनाओं की संख्या बढ रही है वह भी कम हो जाऐगी। साथ ही यदि सभी सब्जी विक्रेता निहित निर्धारित स्थान पर सब्जी विक्रय करें तो दुर्घटनाओं में भी विराम लग जाएगा। लगातार सर्दी के बढ़ते हुए दिनों में बेसहारा गौ वंश के लिए सब्जी बाजार के निकट आश्रय भी प्राप्त हो जाएगा। वर्तमान में आत्मनिर्भर गौ-नंदी सेवा समिति द्वारा शहर में 10 स्थान पर तथा ग्रामीण क्षेत्र में 20 स्थान पर आत्मनिर्भर गौ आश्रय केंद्र बनाए गए है। वह भी बेसहारा गौवंश संरक्षण के लिए जन सहयोग से एकत्रित भूसे को गौवंश के लिए देने तथा सहयोग करने तैयार हैं। ज्ञापन देने वालों में चलित गौ-नंदी सेवा समिति के सदस्य बलवीर सिंह गुर्जर, गौ रक्षा मंच के जिला अध्यक्ष विशाल वैष्णव, पीयूष योगी, अंकित सेन, शुभम शर्मा, लेखराज यादव, ओमकार सिंह बघेल, गोलू शर्मा, रोहित नामदेव, प्रभुलाल, धर्मेंद्र अहिरवार आदि शामिल हैं।

## एसडीएम ने दी एनएसएस स्वयं सेवकों को कैरियर संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कक्षा 11 और 12 और साथ यह उम्र शारीरिक रूप से सतत परिवर्तन की अवस्था है। ऐसे समय मन किसी चीज को देखकर, सुनकर बदलता रहता है। ऐसे समय में लक्ष्य निर्धारण करना आवश्यक है। विषयों के चुनाव में अपनी रुचि पसंद का खास ख्याल रखना जरुरी है, फिर लक्ष्य की ओर पूरी लगन, मेहनत से बढ़ना चाहिए। यह बात सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के एनएसएस स्वयं सेवकों को कैरियर गाइडेंस करते हुए एसडीएम विजय राय ने समझाई। इस मौके पर उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में जाने, डाक्टर बनने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि मेडीकल साइंस की पढ़ाई हिन्दी में भाषा शुरू हो चुकी है। अब उन्नति में भाषा बाधा नहीं रही है। इस अवसर पर बीआरसी कपिल तिवारी ने बताया कि काबिलियत से डाक्टर बनोगे तो पीड़ित की सेवा कर पाओगे। बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छोटे छोटे लक्ष्य हासिल करते चलो। माता पिता और गुरू वास्तविक रूप से ईश्वर से जोड़ने वाले है। हमें खुद प्रेरणा बनना है। संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि अंतिम दिन जो कमियां रहे उन्हें सुधार करो। द्रोणाचार्य और पांडवों की कथा के माध्यम से बताया कि हमें भी अर्जुन की तरह केवल आंख अर्थात लक्ष्य दिखाई देना चाहिए। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने अतिथियों का आभार माना। कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान और रजनी गुप्ता ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के अनुभवों को साझा




किया गया। सुबह योग के माध्यम से स्वास्थ्य का अभ्यास किया वहीं कोहरे के बीच रैली निकाली और ग्रामीणों को पर्यावरण, स्वच्छता के लिए जाग्रत किया।

### भगवान जगन्नाथ की यात्रा का आज मध्य प्रदेश में प्रवेश हुआ





**गंजबासौदा।** जगन्नाथ पुरी से पदयात्रा करके भगवान जगन्नाथ महाप्रभु को लेकर आ रहे भक्तों की यात्रा का बुधवार को मध्य प्रदेश की सीमा में प्रवेश हुआ। जहां पर भक्तों द्वारा भगवान जगन्नाथ का स्वागत आरती पूजन संपन्न की गई। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ के कवर्धा, बेमेतरा, शिल्पी घाटी आदि स्थानों में विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा जगन्नाथ भगवान का उपरोक्त नगरों में भ्रमण करवाया गया, जहां नगरवासियों द्वारा भगवान जगन्नाथ की आरती एवं पूजन संपन्न की गई। यात्रा समिति के द्वारा बताया गया है कि भगवान जगन्नाथ महाप्रभु 17 एवं 18 जनवरी को नगर में प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर गंजबासौदा के भक्तों द्वारा भगवान की अगवानी के लिए भव्य तैयारिया प्रारंभ कर दी गई हैं। साथ ही बताया गया है कि समीपस्थ गांव में अनाउंस करवाकर भगवान की यात्रा की समस्त जानकारी प्रदान की जावेगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु, माताएं, बहिनें भगवान जगन्नाथ की पदयात्रा में सम्मिलित हो सकें।

### वेदांत आश्रम में श्रीराम कथा का तीसरा दिन

## 'सद्गुरु के बिना किसी भी प्राणी के मोक्ष का द्वार नहीं खुलता'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा के तृतीय दिवस में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ रामकमलदास वेदांती महाराज ने श्री रामचरित मानस बालकांड के मंगलाचरण प्रकरण में वर्णित गुरु महिमा, सत्संग महात्म्य तथा श्री राम नाम के व्यापक प्रभाव का वर्णन किया। स्वामी वेदांती ने बताया कि सद्गुरु के बिना किसी भी प्राणी के मोक्ष का द्वारा नहीं खुल सकता। सद्गुरु के चरणों की रज उसे अन्न के समान है। जिसको लगाने से मानव जीवन के सहज कर्तव्यों का हमें ज्ञान होता है। बिना ज्ञान के किए गए आचरण से ना तो व्यक्ति का अपना कल्याण होता है और ना ही वह दूसरों का कल्याण कर सकता है। हमारे यहां मोक्ष का द्वार गुरु कृपा से ही खुलता है। सतगुरु के उपदेशों को जीवन में उतारते हुए हमें निरंतर सत्संग करते रहना चाहिए। पुराणों में महर्षि नारद, महर्षि बाल्मीकि तथा अगस्त आदि ऋषियों ने अपने जीवन का परिवर्तन सत्संग से ही बताया है। सत्संग का अर्थ केवल विरक्त संतों के साथ से ही नहीं अपितु जो लोग भी ईश्वर की भक्ति करते हुए अच्छे आचरण करते हैं वे सभी संत ही हैं। रामायण में विभीषण, जटायु, निषाद, शबरी आदि को भी श्रेष्ठ संतों की श्रेणी में रखा गया है। सत्संग से समस्त प्राणियों का उद्धार होता है। एक सामान्य प्राणी तोता भी संतों के साथ में रहते हुए सीताराम,सीताराम बोलने लग जाता है। वहीं दूसरी ओर असभ्य लोगों के साथ रहकर तोते के मुख से भी गालियां निकलती है। मनुष्य को तमाम व्यस्तताओं के बावजूद भी सत्संग के लिए समय निकालना चाहिए। श्री राम नाम के महत्व को बताते हुए गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि यद्यपि ईश्वर के हजारों नाम है, फिर भी राम नाम सब से अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। यहां तक की राम नाम की महिमा का वर्णन खुद भगवान भी नहीं कर सकते। इसीलिए हमारे हिंदू जीवन शैली में जन्म से लेकर मरणोपरांत हम श्री राम के ही गीतों को गाते हुए सतपथ पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

वेदांत आश्रम प्रांगण में नौ देवियों की भव्य प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना की गई। देवी पुराण में वर्णित भिन्न-भिन्न वाहनों में विराजमान सभी नौ देवियों की भव्य झांकी से कार्यक्रम का वातावरण अद्भुत व अवर्णनीय हो गया है। श्री राम कथा व शतचंडी महायज्ञ 15 जनवरी तक चलेगा। महंत हरिहर दास ने कथा में क्षेत्र के सभी महिला, पुरुष श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का फायनल आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं वंदे मातरम् स्पोर्ट्स क्लब द्वारा शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी बाबू भाई पिंगले, संदीप देसाई एवं नगर के सीनियर प्लेयर (रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी) दिनेश राठौर, पवन रिछारिया , आशीष दुबे, मनोज ठाकुर, राजेंद्र कुमार, ऋग्वेद शर्मा, राहुल यादव, रोहित रघुवंशी, मयंक शाह, शिव कुमार रघुवंशी, अनय शर्मा, रानू साध्य, गोलू रघुवंशी, प्रकाश दीक्षित, रंजीत ठाकुर, विक्रम परिहार, उमेश बबले, सौरभ साहू, गोपाल यादव, अनुराग रघुवंशी आदि खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने उपस्थित हुए। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार को सुभाष निकेतन वर्सेस नवांकुर, वात्सल्य स्कूल वर्सेस केंद्रीय विद्यालय, बीएमसी वर्सिज स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, सेंड जोसेफ वर्सेज शासकीय उत्कर्ष स्कूल बीच के शानदार मुकाबले खेले गए। अब इस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 4 जनवरी को खेला जाएगा।

## पड़ोस के मंदिर में मनाएं उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक माह पहले ही आयोजकों ने एक जनवरी से पूजित 'अक्षत' (चावल, हल्दी और घी का मिश्रण) का वितरण शुरू कर दिया है जो 15 जनवरी तक जारी रहेगा। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर की जाएगी। देशभर के लोगों से इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाने का अनुरोध कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। अक्षत युक्त कागज की पुड़िया, राम मंदिर का चित्र और मंदिर के ढांचे का ब्योरा देने वाले पर्चे लोगों में बांटे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले लोगों से अपील की थी कि वे 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन को दीपावली के रूप में मनाने के लिए अपने घरों में विशेष दीये जलाएं। इसी आहवान के साथ समस्त राम भक्त निस्वार्थ भाव से इस पुनीत कार्य में लगे हैं। मोहित भार्गव ने बताया कि अक्षत देते समय लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे अपने पड़ोस के मंदिरों में एकत्र होकर इसे एक उत्सव की तरह मनाएं जैसा कि अयोध्या में हो रहा है। बुधवार को हनुमान महराज के धाम जाकर कार्यकर्ताओं ने आमंत्रण पत्र दिया और मंदिर को ही अयोध्या बनाने का संकल्प लिया। अक्षत वितरण कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों और उनके सहयोगियों की ओर से किया जा रहा है।

## विधायक उमाकांत शर्मा ने किया विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

# अयोध्या में राम जी की स्थापना के पूर्व हमें नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाना है: शर्मा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के वार्ड क्रमांक 01 हाजीपुर से विधायक उमाकांत शर्मा ने विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। वही विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की अनेको योजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारतह्व का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता भारत अभियान चलाकर देश को स्वच्छ और सुदंर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें हम सभी को सहयोग रूपी योगदान देकर अपने वार्ड व अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है।

### नया बस स्टैंड का किया भ्रमण

*विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ नगर के नया बस स्टेण्ड का भम्रण कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने तालाब किनारे,सार्वजानिक शौचालय व बस स्टेण्ड परिसर को साफ एंव सुंदर बनाए रखने के लिए नपा सीएमओ राम प्रकाष साहू को निर्देशित किया। वही उन्होने स्वंय झाडू लगाकर वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान का शुभांरभ करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत के इतिहास में सबसे लोकप्रिय और महत्वपूर्ण मिशनों में से एक है। यह अभियान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था, हम सभी को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में हमें प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि अध्योध्या में श्री राम जी की स्थापना के पूर्व हमें सम्पूर्ण नगर को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। आगामी दिनों भी शहर के सम्पूर्ण वार्डो में स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जाएगा। उन्होने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें।*

## हरकत में आई नगर पालिका

# जल संकट को लेकर विधायक ने की चिंता व्यक्त, 83 कुओं का कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



एक तरफ जहां प्रशासन सिरोंज में आने वाले समय में जल संकट को लेकर चिंतित है वही विधायक उमाकांत शर्मा ने शहर में आगामी समय में जल संकट को देखते हुए उन्होने स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका को पुनः सख्त निर्देश दिए। तो वही विधायक के निर्देशन के पालन करते हुएं नगर पालिका सीएमओ द्वारा शहर के समस्त कुओं की साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि सिरोंज में लगभग 83 कुए है इन कुओं को रीचार्ज करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार शहर के काफी कुओं की सफाई व मरम्मत करा दी गई है। बुधवार को भी अनेको कुओं की साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य किया गया। इस कुओं की सफाई अभियान में नपा इजीनियर रोहित सिंह तोमर बराबर कार्यो में लगें है।

## राय की कार्यवाहक पदोन्नति

# एसआई की पदोन्नति पर एसपी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिरोंज थाने में पदस्थ हसमुख मिलनसार हमेशा गरीबों की मदद के लिए आगे खडें रहने वाले एसआई विमलेश राय को पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा एसआई विमलेश राय को स्टार लगाकर पदोन्नति पर शुभकामनाए देकर आगामी कार्यकाल,स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान एएसपी समीर यादव सहित पुलिस अधिकारीगण मौजूद थें। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ सिरोंज के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी, ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद रासिद खान, सचिव सुनील शर्मा, सिद्ध आश्रम के प्रधान महंत वरिष्ठ रंगकर्मी पं सजय मेहता, जिला जैन समाज के अध्यक्ष राकेश गोयल, जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी, सचिव जितेन्द्र जैन बब्लू,सौरभ जैन गुलाबगंज, सुधा सागर गौशाला के दिव्यांश जैन, नरेन्द्र जैन भौरिया आदि ने बधाई दी।

# कार्यक्रम में गीत-संगीत, कविता और दिल की बात होगी: राकेश भार्गव

## संस्था किरण फाउंडेशन 7 जनवरी को आयोजित करेगी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्यप्रदेश के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश भार्गव अपने व्यवसाय के अलावा समाजसेवा में हमेशा कार्यो में हमेशा लगे रहते है। सामाजिक संस्था किरण फाउंडेशन के माध्यम से पूरे मध्यप्रदेश के अलावा ग्रह जिला विदिषा एंव ग्रह नगर सिरोंज में अंगदान-देहदान के लिए हमेशा प्रत्येक समाजजनों को जागरूक करते रहते है। डॉ राकेश भार्गव अपने व्यस्त समय के बाद भी भोपाल एंव सिरोंज के अलावा प्रदेश के कई शहरो में नेतान्त सम्पर्क स्थापित करते रहते है।

अंगदान देहदान को कृत संकल्पित संस्था किरण फाउंडेशन द्वारा सगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री भार्गव ने कहा कि जीवन में घोलने रस स्वर का मस्तिष्क में, घोलने रस अक्षर का, सुनेंगे किस्सा,अंगदान के असर का,मकसद है हमारा,भला हो बषर का। इस कार्यक्रम में गीत-सगीत,कविता एंव दिल की होगी बात। देहदान के लिए प्रेरित प्रबुद्धजनों एंव पत्र पथ-प्रदर्शकों के साथ 07 जनवरी को गांधी मेडिकल कॉलेज सभागार भोपाल में शाम 4 बजें कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ राकेश भार्गव द्वारा अंगदान देहदान के लिए चलाए जा रहें कार्यक्रम में सदैव असहाय मजबूर लोगो को हमेशा मदद करने के साथ यदि कोई भी व्यक्ति इलाज कराने में भी असक्षम या भोपाल के किसी अस्पतालों में असुविधा व परेषानिया महसूस करता है तो उसके लिए मदद करने के लिए श्री भार्गव हमेशा आगे रहते है। वह स्वंय मरीज के पास पहुचकर उनके परिवार जनों से मिलकर उन्हें ताकत देकर आर्थिक रूप से भी आ रही परेषानियों में भी मदद के लिए मौजूद रहतें है। ऐसे लोग बिरले ही होते है जो समाजसेवा के लिए सदैव समर्पित रहते है। ज्ञात हो कि सिरोंज शहर के पूर्व विधायक एंव विदिषा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमन भार्गव भी सदैव समाज सेवा में समर्पित रहें है और वह अधिवक्ता के रूप में अपनी पै्रक्टिस के समय कई लोगो की मदद के साथ निषुल्क न्याय दिलाने में मदद की है। डॉ भार्गव कहते है कि मेरे पिता श्री अभी भी लोगो को न्याय दिलाने के लिए मदद करते है। मुझे भी यह प्रणा मेरे पिता जी से मिली है।

# गढ़ाकोटा में नव वर्ष का आगाज रक्तदान से

**गढ़ाकोटा।** रक्तदान की परंपरा का लगातार निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साल के पहले दिन रक्त_उत्सव नामक कार्यक्रम के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नव युवकों ने मातृ शक्तियों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया और पीड़ित मानवता की सेवा करने हेतु अपना-अपना रक्तदान किया, युवाओं का हमेशा की तरह इस बार भी रक्तदान शिविर के दौरान उत्साह देखने को मिला। आयोजन में रक्तदाताओं के इस समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय सागर ब्लड बैंक टीम से डॉक्टर आर के बिदुआ के नेतृत्व में रक्त संग्रह दल गढ़ाकोटा आया। सद्भावना रक्तदान सेवा समिति गढ़ाकोटा के संयोजक अमित सोनी ने दल के सभी सम्माननीय सदस्यों का अभिवादन किया साथ ही दूसरी ओर इसी जगह पर शाम को नये वर्ष के आगमन पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी एससीआई सरस्वती कंप्यूटर इंस्टिट्यूट गढ़ाकोटा के द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन नगर के बजाजी मैदान में किया गया। जहां सैकड़ो की संख्या में उत्साहित छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफियां जीती, इसी कार्यक्रम में कौन बनेगा जीनियस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार साइकिल के रूप में प्रदान की गई और उनको सम्मानित किया गया। साथ ही इसी कार्यक्रम में 14 नवंबर से 26 दिसंबर बाल दिवस

# प्रवर वेतनमान पदोन्नती मिलने पर कलेक्टर को दी बधाई



**सिरोंज।** विदिशा जिले के लोकप्रिय कलेक्टर उमाषंकर भार्गव को प्रवर श्रेणी वेतन मान पदोन्नती मिलने के इस अवसर पर पत्रकार महासंघ सिरोंज के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी, ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद रासिद खान,सचिव सुनील शर्मा,सिद्ध आश्रम के प्रधान महंत वरिष्ठ रंगकर्मी पं सजय मेहता,जिला जैन समाज के अध्यक्ष राकेश गोयल,जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी, सचिव जितेन्द्र जैन बब्लू,सौरभ जैन गुलाबगंज,सुधा सागर गौशाला के दिव्यांश जैन,नरेन्द्र जैन भौरिया आदि ने बधाई दी।

# आल इंडिया महिला कबड्डी में विदिशा टीम द्वितीय स्थान पर रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भलार नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया महिला कबड्डी टूर्नामेंट में विदिशा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी लीग मैचों में पहले स्थान पर रहे। इसके बाद क्वार्टर फाइनल मैच नागपुर से तथा सेमीफाइनल मैच मुंबई से हुआ।

विदिशा टीम में दिव्या चौहान, मुस्कान रैकवार, अर्चना किरार, मानसी अहिरवार, रुपाली किसनराव साबळे, सितारा कूमरे, शर्मिला यूके, रागिनी पवार, प्रमिला धुर्वे, शेफाली यादव, कोच मयूर भार्गव काशी राजपूत उपस्थित रहे। विदिशा जिला कबड्डी कोच ज्योति ठाकुर तथा अरविंद ठाकुर ने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी।

# नगर में छाया घना कोहरा, दिन भर जलते रहे अलाव



**हैदरगढ़।** सर्दियों के मौसम मे दो तीन दिन से घना कोहरा छाया मौसम का रुख बदलते ही गुलाबी सर्दी का अहसास होने शुरू हो गया है। सुबह के वक्त कोहरे की चादर बिछने लगी है। जनवरी महीने की शुरुआत में ही 1 तारीख से ही लगातार घना कोहरा छा रहा है। बुधवार को सुबह से शाम तक ही घना कोहरा छाया रहा और बूंदाबांदी भी देखने को मिली। दोपहर में थोड़ी धूप आ जाने से सर्दी से राहत मिलती है। लेकिन शाम होते ही सर्द हवा चलने लगती है। बीते तीन- चार दिनों से सुबह व शाम के वक्त सर्दी का एहसास कुछ ज्यादा ही महसूस किया जा रहा है। जिसके कारण लोगों को गर्म कपड़े स्वेटर-जैकेट पहनने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और सोते वक्त ज्यादा सर्दी होने की वजह से रजाई और कंबल का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वहीं लोगों ने गर्म कपड़ों की खरीददारी भी शुरू कर दी है। इस कारण दुकानों पर गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू हो गई है और लोग अलाव का सहारा भी ले रहे हैं। चिकली के किसान मनीराम धाकड़ व नरेश किरार ने बताया कि अधिक कोहरा पड़ने के कारण फसलों का फूल पलपट पे भी असर पड़ रहा है। जिससे नुकसान के आ आशंका बनी हुई है।

# कड़ाके की ठंड, जल उठे जगह-जगह अलाव

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लगातार तीन दिनों से मौसम खराब होने के चलते दिनभर कोहरा छाया रहा। वहीं दूसरी ओर दुकानदारों के द्वारा ग्राहकों को अलाव जलाया जा रहा है। उत्तर पूर्व से आ रही ठंडी हवाओं के चलते पूरे क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप है। कड़ाके की ठंड पड़ते ही बहुत कम लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं।




## सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

# निजी तौर पर बनाई नाली भी तोड़ दी ठेकेदार कंपनी ने

**खामखेड़ा।** खामखेड़ा में लोगों ने निजी तौर पर रुपये खर्च करके नाली का निर्माण कराया था लेकिन रोड बनाने वाली कंपनी ने इसे तोड़ दिया है। सड़क बनाने वाली ठेकेदार ऐजेंसी वीआरएस कंपनी के द्वारा इसे तोड़ दिया गया है। हाईवे रोड का निर्माण चल रहा है।

खामखेड़ा कस्बा के अंतर्गत रोड के किनारे ग्रामीणों ने जगह खरीद के मकान बनाये हैं। इसी में उन्होंने लंबी नाली बनाई थी। आरती पब्लिक स्कूल से लेकर पुलिस चौकी खामखेड़ा तक नाली का पानी रुक रहा है। जिससे आरती पब्लिक के छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी वाले सुनने को तैयार नहीं हैं। पीड़ित रामकिशन विश्वकर्मा, रवि कुमार, किशन साहू, हजारीलाल विश्वकर्मा, भैयालाल, राजू पाल, धर्मेंद्र सिंह पाल, बृजमोहन, इंदर सिंह, रामबाबू, विमल, पवन, लोकेश साहू, रामस्वरूप, धनराज साहू, धर्मेंद्र बघेल, शिवराज सिंह, विनोद साहू आदि ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत की है।

# विकसित भारत यात्रा में महिलाओं ने गैस के आवेदन जमा किए

**ग्यारसपुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत मढ़िया धामनोद पहुंची। जहां पर ग्राम पंचायत में विकसित भारत यात्रा में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ किया गया। धामनोद के सरपंच के द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंचायत में मढ़िया धामनोद पंचायत में स्थानीय महिलाओं के द्वारा काफी संख्या में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शन के आवेदन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को जमा किए। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विकसित भारत यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताया गया एवं विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इनके साथ कार्यक्रम के जनपद के नोडल अधिकारी, विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# यशस्वी योजना तहत आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक संगीता जयसवाल ने बताया कि विदिशा जिले के ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए भारत सरकार की पीएम यशस्वी योजना के ऑनलाईन आवेदन एनएसपी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया जारी है। सहयाक संचालक श्रीमति जयसवाल ने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 जनवरी है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेने आवेदन करें। सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य छात्रों को सहयोग प्रदान करेंगे। पात्रता संबंधी जानकारी एनएसपी पोर्टल पर उपलब्ध है। पात्र विद्यार्थियों से कहा गया है कि निर्धारित समय सीमा में आवेदन करते हुए योजना से जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### शीत लहर से बचाव को लेकर एडवॉयजरी जारी

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की है। उन्होने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है!

# वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई के तत्वाधान में संयुक्त वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ मनीष वर्मा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण तथा सहायक संचालक डॉ आशुतोष गोस्वामी उपस्थित रहे। अध्यक्षता राजीव चौधरी मानक चौक ने की। मुख्य अतिथि जैन ने संस्था को अपने प्राचीन गौरव को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। डॉ वर्मा ने पाठ्यक्रम सह गतिविधियों में वार्षिकोत्सव के महत्व को दर्शाया। सचिव डॉ केके सराफ ने 1946 से संचालित जैन स्कूल और 1997 से अंग्रेजी माध्यम स्कूल जैन पब्लिक स्कूल की प्रगति के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वय आरके यादव, रजनीश जैन, अशोक फुसकेले, विमल जैन, शिखर कोठिया, मनीषा जैन, निशा सिंह, प्रतिभा जैन, अनामिका तिवारी, नेहा, पल्लवी जैन, अर्चिता जैन, नितिन तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन पल्लवी दीक्षित, प्रकृति पटैरिया, वंदना तिवारी ने किया। अंजना दुबे ने आभार माना।



# सिंधी समाज ने की पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह से भेंट

**सागर।** सिंधी समाज ने पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर से भेंट कर नववर्ष व एतिहासिक विजय की शुभकामनाएं दीं। और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की इस मौके पर सिंधी पंचायत अध्यक्ष भीष्म राजपूत, समाजसेवी निर्मल भोले, कन्हैयालाल कटारिया, मनोहर गंगवानी, सुरेश मोहनानी, राजेश मनवानी, राजलदास जसूजा आदि मौजूद थे।

# एसएटीआई पॉली प्राचार्य का फूंका पुतला

**विदिशा।** शिवसेना द्वारा एसएटीआई पॉली कॉलेज विदिशा के प्राचार्य नवीन गोयल का पुतला दहन किया। शिवसेना से युवा शिवसेना नगर अध्यक्ष डॉ. अभय सिसोदिया के नेतृत्व में बुधवार 3 जनवरी को एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज विदिशा के प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल का पुतला दहन किया गया। प्राचार्य गोयल द्वारा कर्मचारी की बीमा राशि बीमा कंपनी से प्राप्त कर हड़प ली गई है एवं पूर्व प्राचार्य आरके सोनी को अवैध तरीके से संस्था में नोकरी पर रखा गया है।

शिवसेना ने मांग की है कि कर्मचारी की बीमा राशि दी जाए एवं पूर्व प्राचार्य सोनी को कॉलेज से बाहर किया जाए। साथ ही साथ थाना प्रभारी सिविल लाइन के नाम से ज्ञापन दिया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी सतेंद्र सिंह सिसोदिया, दिनेश विश्वकर्मा, युवा शिवसेना विधानसभा अध्यक्ष सौरभ चिड़ार, मोनू धाकड़, युवा शिवसेना नगर पदाधिकारी राजकुमार ठाकुर, मनीष चिड़ार, तानिष के साथ पीड़ित परिवार भी शामिल रहे।

पूर्व पार्षद नरेश यादव ने कहा कि सेवानिवृत होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और जो सेवा में आया है वह सेवानिवृत भी होता है लेकिन सेवाकाल के दौरान उस कर्मचारी द्वारा किये गए कार्य आने वाले कर्मचारीयों के लिए प्रेरणादाई होते हैं।

# हनुमान मंदिर में मूक बधिरों ने मनाया नववर्ष

**सागर।** मूक बधिरों ने गढ़पहरा स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना धर्मिक स्थल पर नववर्ष 2024 उत्सव मनाया।

**-जाहिर सूचना-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, जितेन्द्र सिंह किरार पुत्र श्री कैलाश बाबू किरार निवासी ग्राम दिघोरा तह. गुलाबगंज जिला विदिशा म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लाट/मकान 715 वर्ग फीट पुराना वार्ड नंबर 24 नया 28 दुर्गानगर गली विदिशा में स्थित है। जिसकी चर्तुसीमाये निम्न है :- पूर्व में मकान कला बाई, पश्चिम में मकान विश्वकर्मा, उत्तर में मकान रामेश्वर किरार तथा दक्षिण मे रोड है जिसको पूर्व क्रेता श्री शकुन बाई पत्नि भगवान सिंह राजपूत के दस्तावेज क्रमांक 822 ग्रन्थ क्रमांक 2128 दिनांक 05.06.1989 द्वारा मकसूद अली इमाम अली पुत्रगण रज्जव अली से क्रय करकर आधिपत्य प्राप्त किया था। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति कही गिर गई है। जिसकी सूचना पुलिस थाना सिविल लाइन विदिशा में दिनांक 18.10.2023 को शकुन बाई राजपूत के द्वारा दे दी गई है। अब जितेन्द्र सिंह किरार पुत्र श्री कैलाश बाबू किरार उक्त प्लाट/मकान को बंधक कर Hinduja Housing Finance Ltd. विदिशा से ऋण प्राप्त कर रहे है। अतएव इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त मकान मय प्लाट को बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करें एवं उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति मिलने पर मेरे कार्यालय में जमा करा दे। उक्त अवधि के पश्चात उक्त मकान मय प्लाट को Hinduja Housing Finance Ltd. विदिशा बंधक करने के लिये अग्रसर हो जायेगी एवं ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगी सूचित हो।

**भवदीय नीरज जैन एडवोकेट**
**आउट ऑफ खारी फाटक, वार्ड नं. 30**
**नियर पीतल मिल चौराहा, विदिशा**
**मोबाईल नं. - 9827543733**

## यात्रा में लोगों तक पहुंचकर दिया जा रहा है योजनाओं का लाभ: राज्यपाल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर राज्यपाल ने बांटे हितलाभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/दीवानगंज

बुधवार को जिले की ग्राम पंचायत दीवानगंज में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजन तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में मध्यप्रदेश में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। यात्रा के दौरान आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कई बार कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच रहे हैं और नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। रायसेन जिले में ही अभी तक 252 ग्राम पंचायतों में यह विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच गई है तथा अनेक हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शासन की योजनाओं का हो रहा प्रचार-प्रसार

*कलेक्टर अरविंद दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि जिले में कुल 521 ग्राम पंचायते हैं तथा अभी तक 252 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो गया है। शेष ग्राम पंचायतों में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकार की योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही किन्हीं कारणों से योजनाओं के लाभ से शेष रहे नागरिकों से आवेदन लिए जा रहे हैं तथा पात्रतानुसार हितलाभ वितरण की कार्यवाही की जा रही है।*

### यहां पर भी यात्रा कार्यक्रम हुए आयोजित

*बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दीवानगंज तथा पठारी में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत छींद तथा इमझिरी में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुआर तथा देवइमलिया में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मनकापुर, घुरेला, पलकाश्री तथा मोकलवाडा में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत थाना तथा बेगमपुरा में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अंधियारी तथा लावाझिर में और बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तुलसीपार और तिलसुआ में पहुंची।*

महामहिम राज्यपाल ने कहा कि कई बार दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण योजनाओं का लाभ नही मिल पाता। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार माध्यमों से शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूर-दराज में पात्र और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है और योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समद्वि लाने के प्रयास किये जा रहें है। नागरिक योजनाओं को समझें और पात्रतानुसार उनका लाभ उठाते हुए विकास की मुख्य धारा से जुड़ें। सभी वर्ग के नागरिक आगे बढ़ेंगे, उनका आर्थिक विकास होगा तो देश भी आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। पीएम किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्वसहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।

कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही ताईक्वांडों का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक लोक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।

### महामहिम राज्यपाल द्वारा विभिन्न स्टॉलों का किया गया निरीक्षण

महामहिम राज्यपाल श्री पटेल द्वारा दीवानगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आधार अपडेशन सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा शिविर में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत शीघ्रता से पात्रतानुसार हितलाभ वितरण की कार्यवाही के बारे में बताया गया। महामहिम राज्यपाल श्री पटेल द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कदम पौधे का रोपण भी किया।

### भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की ली शपथ

कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई।

### हितलाभ तथा प्रमाण पत्र किए वितरित

महामहिम राज्यपाल श्री पटेल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए। उन्होंने राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेस में दो स्वर्ण पदक, एक रजत और दो कास्य पदक विजेता खिलाड़ी दीपा राजपूत, अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव, सेलिंग खेलो इंडिया अंतर्राष्ट्रीय गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता जमना लवारिया, शिल्प कुटी स्व-सहायता समूह की अनीशा बी, कक्षा 10वीं में 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राएं दीपिका कुर्मी तथा संजना मीणा और कक्षा 12वीं में 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र प्रदीप लोधी को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# जल-जीवन मिशन की टंकियां बनी शोपीस

## थर्ड पार्टी बनी सहभागी, 50 करोड़ हो चुके खर्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

विकासखंड बाड़ी एवं पीएचई विभाग द्वारा चालू किया गया जल जीवन कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामों में जल प्रदाय योजना अंतर्गत घर घर नल के द्वारा जल देने की व्यवस्था करना है। इसी तरह शालाओं एवं आगनवाड़ीयो में पेयजल हेतु प्याऊ बनाना है। इन दोनों कार्यक्रमों में अकेले बाड़ी एवं उदयपुरा विकासखंड के ग्रामों में लगभग 50 करोड रुपए खर्च होने के बाद भी 5 प्रतिशत ग्रामों को पेयजल सुचारू रूप से प्राप्त नहीं हो रहा है। जमीनी हकीकत को हम जनता के सामने परोस रहे हैं।

टंकिया शोपीस बनी हुई है इस शीर्षक से दिखा रहे हैं गांव की असली तस्वीर। सूखे और बेकार पड़े स्टैंड पोस्ट, ग्रामवासियों को चीढ़ा रहे हैं। वहीं शालाओं एवं आंगनबाड़ियो में पहले बच्चों को हैंडपंप से पानी मिलता था, लेकिन हैंडपंप सेट निकालकर मोटर पंप के द्वारा प्याऊ से पानी की योजना से अधिकांश योजनाएं बंद पड़ी है।

### दो अधिकारी एक ठेकेदार और थर्ड पार्टी का जलवा

पीएचई विभाग द्वारा करोड़ों रुपए की बर्बादी में विभाग के सहायकयंत्री उपयंत्री ठेकेदार और थर्ड पार्टी के इंजीनियर की मिली भगत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति महत्व काक्षी योजना नोट छापने की मशीन बनकर रह गई भारी कमीशन खोरी के चलते सिर्फ बिल बनाने एवं बिल भुगतान करने में अधिकारियों की दिलचस्पी है उन्हें ग्राम वासियों को योजना का लाभ मिल रहा है नहीं मिल रहा है इससे कोई मतलब नहीं है।

### सरपंचों पर डाल रहे हैं दबाव

पीएचई विभाग द्वारा ठेकेदार योजनाएं ग्राम पंचायतो को हैंडओवर कर पीछा छुड़ाने की जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं, लेकिन शोपीस बनी योजनाओं को ग्राम पंचायते हाथ में लेने से साफ मना कर चुकी हैं। सरपंचों पर जनपद के सीईओ के द्वारा दबाव डाला जा रहा है, जिसकी शिकायतें सरपंचों द्वारा सीएम डॉ. मोहन यादव से की गई है।

### 50 करोड़ खर्च पर गांव को लाभ नहीं

*अकेले बाड़ी उपखंड में 50 करोड़ खर्च होने के बाद भी ग्राम वासियों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है ग्रामों में दिए गए नल कनेक्शन और बिल में दर्शाए गए नल कनेक्शनो का भौतिक सत्यापन कराया जावे तो कमीशन और भ्रष्टाचार का भांडा फूट जाएगा। जल जीवन मिशन में मशीन से पाइप लाइन डालने के सीमेंट और कच्चे रास्ते पर अलग-अलग रेट हैं परंतु ठेकेदार से अतिरिक्त कमीशन लेकर रेत मिट्टी के रास्ते में बिछाई गई पाइप लाइनो को सीसी कटिंग का रेट दिया गया है। इस सारे फर्जी बारे में सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि विभाग ने पीएचई के ठेकेदारों के कार्यों पर नजर रखने का काम एक निजी एजेंसी को सौप था, जिसका नाम थर्ड पार्टी रखा गया है। एजेंसी ने हर ब्लॉक में तैनात किए इंजीनियर भी भ्रष्टाचार में शामिल हो गए और मोटी कमाई कर रहे हैं। जल जीवन मिशन में जो शासन के करोड़ों रुपए की बर्बादी में विभाग के प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण यंत्री तक ने फील्ड में आना उचित नहीं समझा।*

### अक्षत की पुड़िया देकर श्रीराम प्रतिष्ठा हेतु दिए आमंत्रण

**बाड़ी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 तारीख को अयोध्या नगरी में होना है। इसके लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर अयोध्या से भेजे गए अक्षत पीले चावल और मंदिर की की भव्यता और कितने क्षेत्रफल में बन रहा मंदिर की भौगोलिक स्थिति के विवरण सहित संपूर्ण जानकारी लोगों को घर-घर पहुंचाई जा रही है। स्वयंसेवक संघ के लोग लगातार भगवान श्रीराम की प्रतिष्ठा हेतु अयोध्या आने का न्योता दे रहे हैं।

बुधवार को स्वयंसेवक संघ के सेवकों ने मां विंध्यवासिनी दरबार के निचले स्तर पर रहने वाली विंध्यवासिनी बस्ती का दौरा किया। यहां पर घर-घर जाकर लोगों को 22 तारीख को आमंत्रण पत्र देकर उत्साह और उमंग से 22 तारीख को घर को सजाने और संवारने की बात कही। उन्होंने कहा 22 तारीख को महोत्सव मनाया जाएगा आप अपने घर में दीपावली की तरह सफाई करें घर के बाहर रंगोली बनाएं घर को दुल्हन की तरह सजाकर जगमग दीपक जलाकर उत्सव मनाएं।

# सुबह से ही आसमान पर बादल छाए घने कोहरे के आगोश में रहा नगर

## शीत लहर चलने से बढ़ा सर्दी का सितम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। दिन में कई बार मौसम करवट ले रहा है। सुबह व शाम के समय सर्दी व दोपहर में तेज धूप के चलते नागरिक गर्मी का सामना कर रहे है। लगातार बदल रहे मौसम के चलते बुधवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे, नगर कोहरे के आगोष में रहा। क्षेत्र में भी लोग बदल रहे मौसम का सामना कर रहे है।

बुधवार को सुबह से ही तक तेज हवा चलने तथा आसमान पर बादलो का डेरा होने से सर्दी का सितम जारी रहा। हालांकि दोपहर के समय कुछ समय के लिए धूप निकली, लेकिन धूप में तपन नही आई। शीत लहर चलने से सर्दी अपने सबाब पर रही, लोग घरो में ही दुपके रहे। दुकानो के बाहर व्यापारी अलाव जला कर सर्दी का सामना करते हुए देखे गए। शीत लहर चलने से गर्म कपड़ो की दुकानो पर ग्राहको की भीड़ देखी गई। हालांकि इस वर्ष गर्म कपड़ो के दामो में 10 से 15 प्रतिशत का इजाफा होना व्यापारियो के द्वारा बताया जा रहा है।

### हरडोव, ऊंटिया के बीच टूट गई नहर खेतो में भरा पानी

# नहरों की मरम्मत, साफ-सफाई बगैर छोड़ा पानी, बढ़ा जल स्तर

## पिछले वर्षो में नहरो को पक्का करने पर करोडो रूपए किए खर्च, हुआ घटिया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बारना परियोजना की नहरों की करोडो रू. पिछले वर्षो में खर्च किए जाने के बाद हालत खस्ताहाल जर्जर बनी हुई है। एक माह से किसान नहरो की मरम्मत, साफ सफाई की मांग कर रहे थे। नहरों में पानी छोड़ा गया, जैसे ही जल स्तर बढ़ा तो ग्राम हरडोव एवं ऊंटिया के बीच मुख्य नहर टूटने से पानी की बर्बादी और खेतो में पानी भरने से फसलों का नुकसान हो रहा है।

**जिम्मेदार उदासीन :** बारना परियोजना की नहरे, उनमें विभिन्न निर्माण कार्य और सुधार मरम्मत के लिए खर्च की जा रही भारी भरकम राशि में जमकर आर्थिक अनिमित्ताओं का बोलबाला बना हुआ है। इस वर्ष अनेक बार नहरों की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए समाचार प्रकाशित हुए, इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उदासीन बने रहे। नतीजा यह कि जिस संभावना को व्यक्त किया था, वह जनवरी माह की शुरूआत में ही नहर टूटने के रूप में सामने आ गई।



**नहरों पर करोड़ों की राशि खर्च**

*पिछले 3-4 वर्षो में नहरो को पक्का कर रिसाव रोकने के लिए करोडो की राशि खर्च की गई। राशि भी खर्च हो गई परंतु बडी छोटी नहरों से पानी रिसाव की समस्या दूर नहीं हुई। बाड़ी से निकली बायी मुख्य नहर अनेक स्थानों पर फिलिंग कर बनाई गई है। बापौली से आगे हरडोव ऊंटिया के बीच लगभग एक किमी नहर जमीन से 15-20 फिट तक ऊंची है। पहले नहर नीचे से टूटी थी। मेहरागांव सब माइनर में पानी ठीक तरह से आए इसके लिए एक गेट भी बना गया। परंतु जहॉ नहर फिलिंग कर जमीन से ऊंची बनी है, उसमें पानी का रिसाव रोकने फर्शीकरण किया, वह घटिया निम्न स्तर का होने से रिसाव की समस्या बनी रही।*

### बढ़ा पानी तो टूटी नहर

क्षैत्र में पलेवा बोवनी कार्य पूर्ण होने के बाद अब फसलों की सिंचाई कर रहे है। जिससे पानी की मांग बढ गई है। मुख्य नहर में जैसे ही पानी की मात्रा बढ़ी तो फिलिंग की ऊंची नहर में रिसाव भी बढना शुरू हो गया और आखिरकार हरडोव ऊंटिया के बीच नहर टूटने से पानी की बर्बादी और खेतो में पानी भरने फसलों के नुकसान की स्थिति के साथ अब मरम्मत सुधार के लिए बांध से बायी मुख्य नजर में पानी छोडना बंद होने की स्थिति बन गई है। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से मुख्य नहर और उप नहरो से जुडे हजारो किसानों को सिंचाई की समस्या उत्पन्न होगी। पूर्व में नहरो की मरम्मत, साफ सफाई, नहर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति से बारना के अधिकारियों को अवगत कराया था, जैसी संभावना व्यक्त की थी, वही हुआ पानी बढते ही नहर टूट गई।

\- भगवान सिंह राजपूत, पूर्व विधायक बरेली

# यात्री बसों, वाहनों का आवागमन शुरू होने से मिली राहत, यात्री रहे नदारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हिट एंड रन कानून को लेकर यात्री बसों के पहिये दो दिनों तक थमे रहे। बुधवार को बसों का आवागमन तो शुरू हुआ परंतु यात्री नगण्य संख्या में रहे। फिलहाल हिट एण्ड रन कानून का पालन और लागू न होने से वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। वहीं यात्री बसों का संचालन शुरू हो जाने से आम आदमी, विभिन्न मार्गो पर यात्रा करने वाले भी राहत महसूस करने लगे।

नये वर्ष के पहले दिन से यात्री बसों का आना जाना बंद हो गया, दूसरे दिन मंगलवार को डीजल, पैट्रोल की किल्लत के साथ यात्री बसों के आवागमन न होने से प्रत्येक दो पहिया वाहन चालक ओर यात्रा करने वाले हैरान परेशान बने रहे। बनी स्थिति में कैसे जरूरी कार्यो के लिए यात्रा हो सब कुछ परेशानियों भरा बना रहा।



### पटरी पर आया यातायात, मिली राहत

*बुधवार को सुबह बस स्टेण्ड पर कुछ मार्गो पर यात्री बसों का आवागमन तो शुरू हुआ परंतु कोहरे, ठंड की मार और यात्री बसे मार्गो पर जाएगी पक्की सूचना के अभाव से बस स्टेण्ड यात्री विहीन ही बना रहा। यात्री ही नहीं बसो के चालक परिचालक एक दूसरे से फोन पर हडताल खत्म होने यात्री बसों के जाने के संबंध में जानकारी लेते नजर आए। हिट एण्ड रन कानून के विरोध में यात्री बस चालकों एवं अन्य वाहन चालकों द्वारा काम बंद कर देने से लगभग आधा दर्जन स्थानों के लिए यात्री बसों का आना जाना पूरी तरह बंद हो गया। बुधवार की सुबह बस स्टेण्ड पर बसे विभिन्न स्थानों के लिए जाने तैयार रही, परंतु यात्रियों की नगण्य संख्या रही। इसी कारण सुबह अनेक मार्गो पर बहुत कम सवारियों के साथ यात्री बसे रवाना हुई। दो दिन नगर एवं क्षैत्र के निवासियों ने यात्रा न कर पाने से परेशानियां झेली। मानसिक तनाव में रहे। यात्री बसों के आवागमन शुरू हो जाने से लोग बडी राहत महसूस करते नजर आए।*

### खरगोन के मुख्य बाजार में नए वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ कवि सम्मेलन

**बरेली।** कस्बा खरगौन के मुख्य बाजार में नये वर्ष के उपलक्ष में सोमवार की रात्रि में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। विभिन्न स्थानों से आए हास्य व्यंग के कवियों ने देर रात्रि तक उपस्थित श्रोताओं को अपनी रचनाओं के माध्यम से हसने लोटपोट हो जाने मजबूर किया जाता रहा। कवि सम्मेलन में अतिथि के रूप में कैलाश नारायण राजपूत, पूर्व सरपंच भगवान सिंह धाकड़, घनश्याम सिंह रघुवंशी, सरपंच विनोद त्रिपाठी, कुलदीप सिंह रघुवंशी, संतोष राय शिक्षक द्वारा माँ सरस्वती की पूजन, दीप जला कर शुभारंभ किया गया। नागपुर से आई कवियित्री ने सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन की शुरूआत की। जौनपुर उ.प्र. के कवि सफर जौनपुरी ने शानदार कविताए प्रस्तुत की, 17 वर्षीय नन्ही बालिका ने भी काव्य पाठ कर सभी को प्रभावित किया। संचालक कवि प्रेमनारायण साहू ने सभी का आभार किशोर युग ने व्यक्त किया।

## कुंभकरण को रावण के कहने पर सैनिकों ने उठाया

# भीषण युद्ध के पश्चात श्रीराम ने किया कुंभकरण का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



श्री रामलीला में बुधवार को रामलीला मैदान में कलाकारों द्वारा कुंभकरण वध की लीला का मंचन किया। लीला को देखने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। लीला के अनुसार लंका पति रावण अपने भाई कुंभकरण जो की पिछले 6 वर्षो से गहरी नींद में अपने घर पर सो रहा था जिसे जगाने के लिए सैनिकों को भेजते हैं और उनके पास बुलाते हैं इस समय रावण ने पूरी दास्तान कुंभकरण को सुनाई परंतु कुंभकरण रावण को ही उल्टा ज्ञान देने लगा और बोला की भैया तुम सीता को वापस लौटा दो अब इस पृथ्वी पर भगवान विष्णु ने जन्म ले लिया है।

इस प्रकार से कुंभकरण के वचन सुनकर रावण गुस्से में आ जाता है और कुंभकरण को ललकारते हुए कहता है कि तुम यहां उल्टा ज्ञान बता रहे हो तुम्हें यह पता नहीं की इन्हीं बालको ने बहन की नाक नाक काटी थी जिसका बदला लेना जरूरी है एक के बाद एक योद्धा अपना मरता जा रहा है। इस प्रकार से रावण ने विचार करते हुए सैनिकों को आदेश दिया कि जाओ इस कुंभकरण को मांस मदिरा का इतना सेवन करा दो कि इसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाए और युद्ध लड़ने के तैयार हो जाए।

सेनिको ने ऐसा ही किया इसके बाद कुंभकरण भगवान श्रीराम लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए तैयार होता है और रण मैदान में जाकर ललकारता है। यहां पर कुंभकरण और भगवान श्री राम के बीच संवाद होता है, इसके पश्चात दोनों ओर से काफी देर तक रन मैदान में युद्ध होता है। अंत में जाकर भगवान प्रभु श्रीराम लक्ष्मण कुंभकरण का वध कर देते हैं।

कुंभकरण की आकर्षक भूमिका राजेश पंथी पहलवान द्वारा निभाई गई। रामलीला में दिनों दिन दर्शकों की भीड़ बढ़ती जा रही है।